हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 13 मई 2024




# जाम से निपटने बनेगा प्लान, सड़क पर दुकानदारी करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बाजार क्षेत्र में बार-बार जाम की स्थिति से निपटने पार्किंग स्थल चिन्हांकन करने और दुकान से बाहर सड़क पर लगने वाली दुकानों का अतिक्रमण हटाने पुलिस प्रशासन और नगर निगम द्वारा कार्ययोजना बनाने शहर के बाजार का संयुक्त निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ मिलकर किया। इस दौरान सड़क पर दुकानदारी करने वालों को समझाइश दी गई।

राजनांदगांव शहर के गोल बाजार, गुडाखू लाईन, जूनीहटरी, सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, सदर बाजार क्षेत्र में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिसकी मुख्य वजह से यहां के दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का सामान सड़क तक फैलाकर लगाया जाना है, तो वहीं शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के चलते भी लोग अपनी गाड़ियां सड़क पर खड़ी करते हैं। जिससे जाम की स्थिति निर्मित होती है। अब पुलिस प्रशासन और नगर निगम द्वारा आए दिन लगने वाले इस जाम की स्थिति से निपटने के लिए संयुक्त कार्य योजना बनाने सर्वे किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, यातायात प्रभारी, थाना कोतवाली प्रभारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में घूमकर यहां पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने और सड़क तक फैले दुकानों को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में दुकानदारों को समझाईश दी।

## यातायात समस्या के समाधान को लेकर पुलिस और नगर निगम प्रशासन का संयुक्त अभियान

### हटाया जाएगा अतिक्रमण

पुलिस, प्रशासन और नगर निगम के संयुक्त निरीक्षण के बाद राजनांदगांव शहर में बढ़ रहे यातायात के दबाव को देखते अव्यवस्थित पार्किंग एवं जाम से छुटकारा पाने पार्किंग स्थल निर्धारण और अतिक्रमण हटाने कार्ययोजना तैयार की जाएगी। वहीं व्यवसायियों से अपील की गई है कि वे अपने दुकान का सामान रोड पर बाहर न निकाले और दुकानों में आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करें, जिस पर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शरद अग्रवाल का कहना है कि बाजार में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। वहीं लोग दुकानों को सड़क पर निकालकर कारोबार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपना दायित्व समझना होगा।



### व्यापारियों को दी हिदायत

अपने इस निरीक्षण के दौरान पुलिस प्रशासन व नगर निगम ने व्यापारियों को हिदायत दी है कि सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए बाजार क्षेत्र में मुनादी भी कराई जा रही है। बीते वर्ष भी पुलिस प्रशासन और नगर निगम द्वारा इसी तरह की संयुक्त अभियान चलाकर दुकानदारों पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन इसके बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी और हालात जस के तस हो गए। अब एक बार फिर शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने की कवायद शुरू हो चुकी है। इस अभियान का कितना असर होगा, यह देखने वाली बात होगी।

## चावल भी पांच रुपए किलो तक महंगा, महंगाई बनी चिंता

# नहीं गल रही दाल, 1 किलो अरहर की कीमत 170 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अरहर दाल की कीमत इन दिनों अचानक उछाल पर है। कुछ दिन पहले 140 रुपए में बिकने वाला अरहर दाल इन दिनों थोक में 165 और चिल्हर में 170-180 रुपए तक पहुंच गया है। अचानक बढ़े इस दाम के कारण दाल गलना मुश्किल हो गया है।

हालत यह है कि महीनेभर में ही 140 रुपए किलो बिक रही अरहर की दाल अब चिल्हर में पौने दो सौ तक पहुंचने से लोगों के पसीने छूटने लगे हैं। दरअसल जिले सहित प्रदेश के बाजार और दाल मिले 80 फीसदी विदेशी आयात पर निर्भर है। वहीं बारिश व दूसरे प्राकृतिक आपदाओं के कारण भारत सहित पूरी दुनिया में इस बार अरहर की फसल प्रभावित रही। इसका असर अब लोकल बाजार पर पड़ रहा है।

**विदेशी आयात पर अरहर**

जिले में अरहर की खेती नहीं के बराबर होती है। कवर्धा को छोड़कर सभी पड़ोसी जिलों का भी लगभग यही हाल है। इसके चलते अरहर दाल के मामले में जिले सहित प्रदेश के अधिकतर बाजार बाहरी आवक पर निर्भर रहता है। व्यापारियों की मानें तो 80 फीसदी अरहर की आवक विदेशों से होती है। विदेशी अरहर को मंगाकर स्थानीय स्तर पर मिलिंग करते हैं। करीब 20 फीसदी दाल की पूर्ति स्थानीय व अन्य प्रदेशों के आवक से हो पाती है। सामान्य स्थिति में महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से दाल की आवक जिले में होती है, लेकिन विदेशी आवक नहीं के बराबर होने से वहां भी संकट की स्थिति है। ऐसे में डिमांड के अनुरूप बाजार में अरहर दाल नहीं आ रही है। व्यापारियों के पास भी स्टॉक बेहद कम हो गया है।



### सब्जियों को बनाया विकल्प

अरहर दाल की बढ़ती कीमतों को देखते हुए लोग अब इसकी खरीदारी कम कर रहे हैं। लोकल व्यापारियों के मुताबिक करीब इन दिनों 60 से 70 फीसदी तक अरहर दाल की बिक्री घट गई है। लोग इसकी जगह चने की दाल और टमाटर और ताजी सब्जियों को विकल्प के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। चने की दाल 50 से 60 रुपए किलो मिल रही है।

### होटल में बढ़ेंगे दाल के दाम

जिस तरह से अरहर दाल की कीमतों में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है, उसे देखने के बाद रेस्टोरेंट और होटल में भी दाल के दाम बढ़ सकते हैं। व्यापारियों का कहना है कि अगर अरहर दाल की कीमतों में लगाम नहीं लगी तो इसी तरह दाम बढ़ते रहेंगे। होटल और रेस्टोरेंट में भी दाल की कीमतों में 10 से 15% तक बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है।

### ऐसे समझे दाल के बढ़ते दाम

व्यापारियों ने बताया कि थोक बाजार में पहले अरहर 140 से 165 में, उड़द सौ रुपए से 115 और मूंग दाल 110 से 115 किलो पर आ गया है। चना 70-80 रुपए हो गया है। मसूर के दाम पहले जैसे 75 रुपए पर ही है। चिल्हर में अरहर 170-180किलो में बिक रहा है। यह सिर्फ अरहर नहीं, बल्कि सभी दाल की कीमत चिल्हर में बेलगाम है।

### अब अफ्रीका के अरहर का इंतजार

अरहर की कमी और दाल की कीमतों में बढ़ोतरी का क्रम नई फसल की आवक तक बरकरार रहने की संभावना है। बताया जा रहा है कि अगस्त में अफ्रीकी देशों से अरहर की नई फसल की आवक शुरू हो जाती है। इसके बाद स्थानीय बाजार को कुछ राहत मिल सकती है। भारत में अरहर की नई फसल जनवरी में आती है।

### महंगाई से आम जनता परेशान

हर दिन खरीदी जाने वाली चीजें जब महंगी होती जाएगी तो लोगों का गुजारा कैसे होगा। दाल-रोटी ही महंगी हो जाएगी तो लोग क्या खाएंगे। ऐसे में आम जनता के बीच हाहाकार मचना तय है। पिछले कुछ सालों से दाल के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है और जिस तरह से अरहर दाल के दाम में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, उसने आम लोगों को मुश्किल में डाल दिया है। खासकर शाकाहारी लोगों की मुश्किलें तो और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि अरहर दाल शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन हासिल करने का प्रमुख सोर्स है।

# फर्जी दस्तावेज और मुख्तयारनामा के जरिये जमीन की रजिस्ट्री, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फर्जी दस्तावेज तैयार कर मुख्तयारनामा बनकर धोखाधड़ी करते हुए जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में पुलिस ने दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। इस मामले में दो आरोपियों पर पूर्व में कार्रवाई की जा चुकी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी समीर सचदेवा 53 साल स्थाई पता जबलपुर ने 4 फरवरी को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी जमीन ग्राम तेलीटोला (टप्पा) तहसील लालबहादुर नगर में 0.466 हेक्टेयर जमीन है, जो जीई रोड से लगी है। उक्त जमीन के संबंध में 19 जनवरी को हल्का पटवारी कमलेश चंदेल द्वारा फोन कर जानकारी दिया कि आप किसी को पावर ऑफ अटर्नी देकर बिक्री किए हो, जमीन बिक चुकी है, तब प्रार्थी जबलपुर से आकर जानकारी लिया तो उक्त जमीन को अनावेदक प्रेमलाल भाट ग्राम रजोली जिला बालोद द्वारा अन्य लोगों के साथ मिलकर भूमि का फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी के स्थान पर अन्य व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी मुख्तयारनामा तैयार कर क्रेता के पक्ष में उपपंजीयक कार्यालय राजनांदगांव को विक्रयनामा निष्पादित करना पाया गया। जांच पर अपराध घटित होना पाया जाने से थाना कोतवाली में अपराध धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120-बी भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान 24 फरवरी को आरोपी नावेद अली 32 साल साकिन वार्ड नं. 41 केलाबाड़ी दुर्ग, श्रवण कुमार साहू 39 साल साकिन सिकोसा जिला बालोद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है, जो जिला जेल राजनांदगांव में निरूद्ध है।



### दुर्ग से पकड़ाए दोनों फरार आरोपी

इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली से पुलिस टीम मामले में फरार 2 अन्य आरोपी को 12 मई को मुखबीर की सूचना पर आरोपी बिहारी लाल 58 वर्ष साकिन दमोदा थाना पुलगांव जिला दुर्ग को ग्राम दमोदा से एवं आरोपी प्रेमलाल भाट 40 वर्ष साकिन ग्राम रजोली थाना रनचिरई जिला बालोद को दुर्ग शहर से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया। पूछताछ में अपराध स्वीकार करने पर 12 मई को विधिवत गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।






**मॉय एंगल**




# मोबाइल लूट का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

साइकिल सवार लड़की को धक्का देकर गिराने और उसके मोबाईल को लूटकर फरार होने के मामले की जांच करते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में लिप्त अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 मई को दोपहर साढ़े 12 बजे साइकिल में डोंगरगढ़ से अपने घर जा रही थी। रास्ते में सामने तरफ से एक मोटर साइकिल में तीन बादमाश पास आकर उसे साइकिल सहित धक्का देकर गिरा दिए और उसके मोबाईल फोन व आधारकार्ड लूटकर फरार हो गए थे। पीड़िता की रिपोर्ट पर धारा- 392, 34 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचाना में लिया गया था। इस मामले में पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी। जिससे एक आरोपी दीपक बाघमारे 21 साल साकिन रजानगर वार्ड नंबर 20 डोंगरगढ़ निवासी को पकड़कर पूछताछ करने पर अन्य अपने दो साथी के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम देना बताया। लूटे गए पीड़िता के मोबाईल फोन को जब्त कराया है, जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। प्रकरण के दो अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

## हजरत सैय्यद जलालुद्दीन शाह का उर्स 15 से

**राजनांदगांव।** पारीनाला स्थित दरगाह शरीफ हजरत सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह जी का 47वां उर्स हर्षोल्लास एवं ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लेकर तैयारी की जा रही है।

जलालबाग उर्स इंतेजामिया कमेटी ने बताया कि पारीनाला दरगाह के 47वें उर्स को यादगार बनाने समिति के सदस्य एवं शहर की धर्मप्रेमी जनता के विशेष प्रयासों से इस वर्ष यह आयोजन चार दिवसीय रखा गया है। जिसके अंतर्गत 15 मई को कुरानख्वानी बाद नमाज फजर परचम कुसाई एवं गुस्ल की फतेहा 16 मई शानो शौकत के साथ शाही संदल। जिसमें इंटरनेशनल नात ख्वाशब्बीर रजा बरकाती, सुल्तान रजा कादरी, फैज रजा कादरी के साथ जुलूस निकाला जाएगा। 17 मई बाद नमाज ईशा दरगाह शरीफ में नातखानी का प्रोग्राम हबीबुल्लाह जिगर साहब झारखंड व कारी यासीन अख्तर साहब नागपुर शामिल होंगे। 18 मई को तकरीर हजरत मौलाना सगीर अहमद रजवी साहब व शहर के आइम्मा इकराम रौनके स्टेज होंगे। साथ ही युगांतर स्कूल ग्राउंड में मेला भी लगाया जा रहा। जिसमें आकषर्क झूले का लुत्फ ले पाएंगे।

इंतेजामिया कमेटी के सदर व सदस्य हाजी मंसूर अंसारी व हाजी रज्जाक बडगुजर, रशीद खान, हाजी तनवीर अहमद, हाजी जलालुद्दीन निर्बान, अब्दुल कादिर अशरफी, शेख नईम कुरैशी, सुहैल रिजवी, शकील रिजवी, राजिक खान राजा, हफीज वारसी, शेख सलीम, शानु खां, रेहान कुरैशी ने प्रोग्राम को कामयाब बनाने अपील की है। उक्त जानकारी कमेटी के सदस्य आफताब अहमद ने दी।


## आवश्यक सूचना

**हरिभूमि**

**पाठक पुरस्कार योजना**

के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।

उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।

उपहार प्राप्त करनें का समय
सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

| स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय | स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय |
| --- | --- |
| दुर्गा चौक, राजनांदगांव (छ.ग.) | एकता चौक कवर्धा (छ.ग.) |
| मो. 9425565082 | मो. 8889139071 |

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट छात्रों को कोमल जंघेल ने दिया बधाई

**सड़क अतरिया।** रविवार को पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बारहवीं कक्षा की जिला टापटेन में तीसरा स्थान हासिल करने वाली स्वामी आत्मानंद छुईखदान की छात्रा खुशबु पाल पिता राधेश्याम तथा चौथे स्थान पर रहे आकाश महोबिया पिता राजेन्द्र महोबिया, बारहवीं में 9 वां स्थान प्राप्त करने वाली दाऊ गुलाब दास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया की विश्व मोहनी पिता पुनीत साहू तथा उच्चतर माध्यमिक शाला बाजार अतरिया की छात्रा रविना पिता तुलसी राम से मिलकर बधाई दिया। इस मौके पर कोमल ने कहा कि बालिकाएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

### विकासखंड में प्रथम आया प्रियांश



**डोंगरगढ़।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल ढारा की कक्षा दसवीं के छात्र प्रियांश महोबिया ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल का नाम रोशन करने वाले प्रियांश शिवपुरी के निवासी है। हायर सेकेंडरी माध्यमिक स्कूल ढारा में कक्षा दसवीं का परिणाम 74 प्रतिशत एवं 12वीं का 83 प्रतिशत रहा। 12वीं वाणिज्य संकाय में हेमलता वर्मा ने 84 प्रतिशत, कला संकाय में भारती ने 83,काजल कोसरे ने 79: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शिवपुरी के सरपंच राजकुमार द्विवेदी तथा सचिव, पंच दिनेष महोबिया ने दोनो विद्यार्थियों से मिलकर फल भेंट किया।

### निधन

### मेहतरिनबाई पटेल



**खैरागढ़।** शिवमंदिर रोड निवासी मेहतरिनबाई पटेल पति स्व चोवाराम पटेल का रविवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल, लाला पटेल व रमेश पटेल माता का अंतिम संस्कार सोमवार आज सुबह दस बजे शिव मंदिर रोड स्थित निजी भूमि में परिजनों व सामाजिक जनों की मौजूदगी में होगा।

### राजपरिवार के सदस्य करेंगे पूजा-अर्चना

# सालभर बाद आज खुलेगी रहस्यमय मंड़ीप खोल गुफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

साल भर इंतजार के बाद लोग कल सोमवार को ऐतिहासिक मंड़ीप खोल गुफा देख पाएंगे। कल सुबह से यहां लोगों का पहुंचना शुरु हो जाएगा। राज परिवार के सदस्य अपने पूर्वजों की परंपरा निभाते हुए कुल देवता का स्मरण कर गुफा का द्वार खोलेंगे तथा गुफा के अंदर स्थित प्राचीन शिवलिंग सहित अन्य देवी देवता का पूजा अर्चना करेंगें। शनिवार को कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, एसडीएम रेणुका रात्रे, जनपद सीईओ जेएस राजपुत सहित प्रशासनिक अमला ने दुर्गम रास्ता से होकर मौके पर पहुंच कर जायजा लिया था। विभिन्न विभागों को अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी थी। पर्यटकों के लिए मार्ग पहचान, आवागमन में सुगमता तथा गुफा में प्रवेश के लिए व्यवस्था बनाया गया है। वही मार्ग एवं गुफा समीप उमड़ने वाली भीड़ के लिए पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था किया जाएगा।

#### शिवदर्शन के लिए उमड़ेगा जनसैलाब



#### पंचायतों को जिम्मेदारी

ऐतिहासिक मंड़ीप खोल गुफा का दर्शन करने पहुंचे लोगों को आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के लिए गुफा के निकटवर्ती पंचायतों को विभाग द्वारा दिशा निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत ठाकुरटोला, गर्रा, अचानकपुर, सिंगारपुर तथा देवरचा पंचायत सैलानियों को आवश्यक सुविधा पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा ताकि मार्ग तथा गुफा आने वाले लोगों को किसी परेशानी का सामना करना न पड़े।

#### पर्यावरण सुरक्षा की अपील

ठाकुरटोला राज परिवार के सदस्य लाल रोहित पुलस्त्य ने पर्यटकों से अपील किया है कि गुफा घने जंगल के मध्य स्थित है जिससे यहां सावधानी पूर्वक पहुंचे। पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस धार्मिक स्थल पर नशाखोरी करने से बचें।

# सरकारी तुड़ाई के साथ तेंदूपत्ता की तस्करी शुरू

### महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में खप रहा पत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ उपवन मंडल अंतर्गत तेंदूपत्ता की तोड़ाई शुरू होने के साथ ही तस्करी भी शुरू हो गई है। एक ओर ठेकेदार तोडाई करवा रहे हैं वहीं कुछ समितियों में बीड़ी कंपनी में काम करने वाले एजेंटो ने तेंदूपत्ता की तोडाई करवाकर निकासी करना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि बोरतलाव मार्ग से महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश तेंदूपत्ता भेजा जा रहा है। जानकारी के अनुसार शासकीय तोडाई शुरू होने के पूर्व ही तेंदूपत्ता की तोड़ाई शुरू कर दिया गया था जिसे एकत्रित कर बाहर भेज दिया गया है।

#### बारिश से क्वालिटी प्रभावित

बारिश और आंधी तुफान के कारण भी तेंदूपत्ता के क्वालिटी पर असर पड़ा है हालाकि इससे वन विभाग को कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि इसका सीधा नुकसान ठेकेदार को होना है। जानकार बताते है कि तेंदूपत्ता की शासकीय तोडाई के पूर्व ही तेंदूपत्ता कारोबार से जुडे व्यापारी सक्रिय हो गए थे और उन्होंने विभागीय सांठगांठ से बडे पैमाने पर तेंदूपत्ता पार कर दिया है। शहर के कुछ वार्डो के अलावा दर्रेकसा, सालेकसा, आमगांव की कुछ बीड़ी कंपनी ने भी गुपचुप तरीके से तेंदूपत्ता की तस्करी करवाया है।

#### तस्करी की जानकारी होने से इंकार

उप वन मंडल की एसडीओ पूर्णिमा राजपुत एवं परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा कि तेंदूपत्ता तस्करी की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले को संज्ञान में लेकर विभागीय जांच करवाएंगे।

### बैठक आज

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश की प्रदेश, जिला, तहसील एवं नगर स्तरीय संगठनों की सामूहिक बैठक 13 मई को 12.30 बजे पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गई है। प्रांतीय चुनाव कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा की जाएगी तथा 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन मिलने संबंधी कार्रवाई पर भी चर्चा की जाएगी।

# 66 सीटों में दाखिला के लिए 584 आवेदन

- 14 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित थी।

प्राचार्य जयंत साहू ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं की 66 रिक्त सीटों के लिए कुल 384 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कक्षा पहली की 22 सीटों के लिए 157 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे 148 पात्र एवं 9 अपात्र है। कक्षा दूसरी की 8 सीटों के लिए 47 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमे 27 पात्र एवं 20 अपात्र है । कक्षा चौथी की 7 सीटों के लिए 46 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमे 36 पात्र एवं 10 अपात्र है । कक्षा पांचवी की 10 सीटों के लिए 26 आवेदन मिले थे जिसमे 17 पात्र एवं 9 अपात्र हैं । कक्षा छटवी की 7 सीटों के लिए 65 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमे 36 पात्र एवं 29 अपात्र हैं। कक्षा सातवी की 9 सीटों के लिए 24 आवेदन मिले थे जिसमे 18 पात्र और 6 अपात्र हैं। कक्षा आठवीं की 3 सीटों के लिए 19 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमे 16 पात्र एवं 3 अपात्र है। पात्र- अपात्र विद्यार्थियों की सूची नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई है। पालक या विद्यार्थी सूची का अवलोकन कर 14 मई को2 बजे तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकते हैं जिसके पश्चात 15 मई को 11 बजे से विभिन्न कक्षाओं की रिक्त सीटों के लिए लॉटरी के माध्यम से बच्चों का चयन किया जाएगा। लॉटरी के माध्यम से चयनित बच्चों या पालकों को 16 से 20 मई तक दस्तावेज जमा करना होगा।

### दिव्य सत्संग आज

**राजनांदगांव।** पूज्य श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनांदगांव द्वारा 13 मई को दिव्य सत्संग एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

सत्संग शाम 7 से 9 बजे तक पुष्पांजलि भवन रॉयल किड्स स्कूल के पास लालबाग में आयोजित है। सत्संग में जगदलपुर से भजन गायक केपीएस बामल एवं शालिनी जोशी समां बांधेगे।

शालिनी एवं बामल जीडी वाइन काल बैंड के संस्थापक हैं। सत्संग संयोजक अंब्रिक मोटलानी ने कहा कि सत्संग और ध्यान के इस उत्सव में कोई जाति और धर्म का बंधन नहीं है। सबके लिए प्रवेश निःशुल्क है।

# प्रदूषण एवं मुक्ति के उपाय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नेहरु महाविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग ने शनिवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईव्ही रेवती के मार्गदर्शन एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर एवं अनिमा मिंज के नेतृत्व में भारतीय राजनीतिक पर्यावरण, प्रदूषण एवं मुक्ति के उपाय विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। विषय विशेषज्ञ शासकीय जामगांव (आर) के राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक




डॉ. ऐश्वर्य सिंग ठाकुर थे। डॉ. ठाकुर ने पर्यावरण प्रदूषण एवं मुक्ति के उपाय, समाधान,एवं महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ जम्बुल्कर ने उन्हे स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में भोज, मुनेश, अमन, विकास, आंचल, तेजेस्वनी, खुशबू, लाकेश्वरी, शुभम, विजय, केशव, कार्तिक, मोहनी, सरिता, नंदनी, त्रिवेणी, टिकेश्वरी, उतरा, कुलेश्वर, दालेश, ईश्वरी, युराज, तुमेश्वर, लता, तनुजा, प्रियंका, शारदा, आरती, शंकर, नागेंद्र, सत्यम आदि

# अपराधिक घटनाएं बढ़ने से लोगों में फैली दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

- रात को घर से बाहर निकलने से डर रहे लोग

विकासखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लूटपाट, मर्डर, मारपीट, शराब बिक्री के साथ कबाड़ का कारोबार, जानवरों का शिकार, अवैध कटाई, अवैध उत्खनन धडल्ले से चल रहा है। अपराधिक घटनाओं के लगातार होने से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। लोग रात 8 बजे के बाद घर से बाहर निकलने से घबराने लगे है। सुरक्षा की दृष्टि से नए थाने खोले हैं किन्तु अपराधिक घटनाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं देखी जा रही है। खैरागढ़ क्षेत्र से लगे मुढीपार, करेला भंडारपुर, मोहारा, घोटिया में कोई न कोई घटना सामने आ रही है। हत्या जैसी घटनाएं हो रही है।

#### फैलता नशे का कारोबार

राजस्व विभाग की उदासीनता से अवैध खनन, करोड़ो की जमीन पर कब्जा करने जैसी घटनाएं हो रही है। वहीं क्षेत्र में शराब, गांजा एवं नशीली दवाईओं की बेरोकटोक बिक्री जारी है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदारी अधिकारी सक्रियता से कार्रवाई करने लगे तो अपराधिक मामलों को रोका जा सकता है।

# बोर्ड परीक्षा में गांव के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरमुंदा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुंदा में बीते दिनों कक्षा दसवीं एवं 12 वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। शाला की कक्षा 10 वीं की छात्रा भूमिका सिन्हा पिता रामकुमार सिन्हा ने 83.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं की मुकेश्वरी सिन्हा पिता लिलार सिन्हा ने 65.6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 12वीं के तिमन कंवर पिता सुकालु राम कंवर ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संत प्रयाग विद्यालय मुरमुंदा की कक्षा बारहवी के हितेश कंवर ने 74.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा 12वीं की लीलक्षी यादव को 73.2 प्रतिशत अंक मिले। प्राचार्य अंजना चौधरी, शिक्षक- शिक्षिकाओं आदि ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

# मध्यान्ह भोजन की रसोइयों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देश पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कार्यरत चार सौ दस रसोईयों को डोंगरगांव, अर्जुनी तथा तुमड़ीबोर्ड में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी रसोइया को मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता लाने न्योता भोजन, स्वच्छता पूर्वक भोजन बनाने, कक्ष को साफ रखने, प्रति छात्र अनाज की दर, मीनू के हिसाब रोजाना बच्चो को भोजन देने की जानकारी आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरएल पात्रे, प्राचार्य विभा पांडेय,



केआर साहू, एबीईओ रश्मि ठाकुर, क्षितिज सोरी, जयंत साहू, एनके देवांगन, मास्टर ट्रेनर देवेंद्र किशोर साहू, सनन साकरे, माखनलाल रात्रे, दानीराम वर्मा, धनसाय सलामे, लच्छूराम साहू, अंबिका कुंवर, फिनेश कोमरे, प्रवीण राजपूत, डिकेश साहू, नेमीचंद साहू, ओमकार पटेल, मनोज निषाद, अक्षय श्रीवास्तव, तोयस साहू, सन्नी धनपाल, प्रशांत पांडे एवं अगमा साकरे आदि मौजूद थे।

### मिश्रा 18 से गंडई में सुनाएंगे कथा

**गंडई पंडरिया।** गंडई में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम का कार्य जोरों पर है। पं. प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम 18 से 24 जून तक गोडवाना मैदान में होना है।

### सेवा कार्य से पहचान बनाते बिरेन्द्र अग्रवाल



**डोंगरगढ़।** गौशाला कमेटी पिंजरपोल के अध्यक्ष बिरेन्द्र अग्रवाल सेवाभाव के लिए किए जा रहे प्रयास एक अलग ही पहचान बना रहे है। वह पिछले 3 वर्षो से सामाजिक, धार्मिक एवं गौसेवा के लिए अपनी कमाई का कुछ हिस्सा खर्च करने के साथ गौशाला में अपनी सेवा देकर पशु संरक्षण को बढ़ावा दे रहे हैं। वर्ष 2024 में श्री अग्रवाल ने अनुकरणीय पहल करते हुए मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताश्को 50 गद्दे, तकिया एवं चादर भेंट में दिया था। उन्होंने धर्मनगरी में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए रेल्वे स्टेशन में वॉटर कूलर लगाया है। छग प्रांतीय अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष बनने के बाद मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति को स्वर्ग रथ उपलब्ध कराने में सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि धार्मिक, सामाजिक कार्य करने की हमेशा से इच्छा रही है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

### साहू परिवार की सार्थक पहल

# जलसंकट को दूर करने निजी जमीन पर बनवाया तालाब, दिक्कतें अब दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

शासन प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद जागरूकता के अभाव मे जल संकट धीरे-धीरे विकराल रूप ले रहा है। गर्मी की शुरूआत के साथ ही चारों ओर पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है वही सालों पहले ब्लाक के भोरमपुर और आल्हा नवागांव के परिवार ने अपनी निजी भूमि में तालाब निर्माण करवाकर पूरे गांव सहित आसपास के लोगों को आज भी राहत पहुंचा रहे है।

ब्लाक के बाजार अतरिया से सटे भोरमपुर गांव में लगभग डेढ़ सौ साल पहले चंदेल परिवार के तीन भाई गंजहा, श्रीराम और कुलंजन ने आने वाले दिनों को सोचकर अपनी निजी जमीन लगभग दस एकड़ में खुद के खर्च से तालाब खुदवाया। बारिश का पानी एकत्र हो इसके लिए तालाब के उपर पार में पैठू बनवाया वही सिंचाई को लेकर किसान पानी के लिए परेशान मत हो सोचकर तालाब में तीन जगहों पर छोटे छोटे गेट का निर्माण कराया ताकि जब खेती किसानी के लिए पानी की आवश्यकता हो तो किसान फसल बचाने पानी ले सके। चंदेल परिवार के केशव चंदेल ने बताया कि लगभग दो सौ साल पहले उनके दादा के पिता गंजहा, चाचा श्रीराम और कुलंजन ने भविष्य में पानी की आवश्यकता को सोचकर दूरदर्शिता का परिचय देते हुए लगभग सोलह एकड़ जमीन में तालाब बनवाया जिसे आज भी पूरा इलाका बड़े तालाब के नाम से जानता है। सालभर पानी बना रहे इसलिए उपर पार में पैठू बनवाया ताकि खेतों से निकलने वाला पानी सीधे तालाब में आकर मिले वही तालाब से लगे चारों तरफ के खेतों में किसानी काम के लिए पानी की जरूरत पर किसान पानी ले सके इसके लिए गेट बनवाया। केशव चंदेल ने बताया कि पहले निस्तारी के अलावा खेती किसानी के काम में भी पानी तालाब से लेते थे, लेकिन अब ट्यूबवेल होने के कारण किसान सीधे तालाब से पानी नही ले रहे है।

#### आल्हा नवागांव में साहू परिवार ने बनवाया तालाब

वही ब्लाक के ग्राम पंचायत रूसे के अश्रित ग्राम आल्हा नवागांव में जनसेवा और जीव दया की भावना से एक परिवार ने मिसाल पेश करते हुए गलभग अस्सी साल पहले अजब दास साहू ने भविष्य में जल संकट को दूर करने एक बड़ा तालाब बनवाया था जो अब पूरे गांव के लिए जीवनपयोगी बन गया है। गांव के दो अन्य सरकारी तालाब शुरूआती गर्मी में लगभग सूख गए है लेकिन निस्तारी, जानवरों को नहलाने और पानी पिलाने अजब दास द्वारा बनाया तालाब काम आ रहा है। परिवार के सेनि शिक्षक धीर दास साहू ने बताया कि सरकारी तालाब में पानी नहीं है, लेकिन उनके तालाब के पानी का उपयोग अभी भी गांव वाले कर रहे है। कई लोगों ने मछली पालने किराए में तालाब मांगा, लेकिन जलदान को महा दान मानते हुए हमने कभी ऐसा नही किया। इसी दूरदर्शी सोच चलते साहू परिवार सम्मान का पात्र बना हुआ हैं। उपसरपंच इंदल राम साहू ने बताया कि गांव में सरकारी तालाब में पानी नहीं होने से रूसे बांध का पानी नहर में आने पर मोटर के माध्यम से निजी तालाब में भरा जाता हैं जिसका पूरा गांव उपयोग करता है।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

## बीएससी गृह विज्ञान भाग 2-3 के नतीजे घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने बीएससी (गृह विज्ञान) भाग- दो व तीन के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। जानकारी दी गई है कि परीक्षा के नतीजे नतीजे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। बीएससी गृह विज्ञान भाग- दो का ओवर ऑल परीक्षा परिणाम 90.63 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में कुल 32 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें 29 उत्तीर्ण हुए हैं। बीएससी गृह विज्ञान भाग- तीन का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 81.25 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में कुल 48 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें 39 उत्तीर्ण हुए।

# जिले में क्रेसर संचालकों द्वारा उड़ाई जा रही नियम कायदों की खुलेआम धज्जियां

- प्रशासन और खनिज विभाग संचालकों पर मेहरबान, प्रभावितों की समस्याओं की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बोड़ला ब्लाक के भलपहरी स्थित गिट्टी क्रेशर संचालक द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियम कायदों को ताक पर रखकर पत्थर का कारोबार किया जा रहा है। जिसमें नियमानुसार परिसर में वृक्षारोपण तो कराना दूर अब तक इन्होंने धूल उडन्ने से रोकने के लिए न तो मशीनों पर सीट लगाई है और न ही वाटर स्प्रिंकलर।

ऐसे में रोजाना बड़ी तादात में क्रेशर से निकलने वाली धूल हवा में घुलकर मजदूरों सहित गांव में रहने वाले लोगों की सेहत के लिए खतरा बन रही है। इसके अलावा ग्रामीणों का आरोप है कि खदान में नियम विरूद्ध विस्फोटक का भी उपयोग किया जा रहा है जिसका विपरीत और बेहद खतरनाक प्रभाव भू-गर्भ पर पड़ रहा है। यहीं वजह है कि ग्रामीण इस पत्थर खदान का बीते कई वर्षो से लगातार विरोध करते आ रहे हैं। ग्रामीणों की माने तो इस गिट्टी खादान के चलते अब इस गांव की आबोहवा इतनी दूषित हो चुकी है कि गांव में बच्चे बीमार हो रहे है तो वहीं मवेशियों की दम घुटने से मौत हो रही है।

रविवार को भलपहरी के ग्रामीण खदान को बन्द कराने को मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे थे लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि अब वे इस मांग को लेकर आरपार की लड़ाई लड़ने के लिए कमर कस चुके हैं अगर जल्द शासन प्रशासन ने उनकी मांग के अनुरूप खदान को बंद नहीं किया तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। यहां बताना लाजिमी होगा कि नियमों की अनदेखी सिर्फ भलपहरी गिट्टी संचालक द्वारा ही नहीं बल्कि जिले के अन्य क्रेसर संचालकों द्वारा भी की जा रही है जिसकी सुध शासन प्रशासन तथा खनिज विभाग द्वारा नहीं ली जा रही है।

### गांव के किसानो की फसलें हो रही बर्बाद



ग्राम भलपहरी के ग्रामीण ने बताया कि यहां संचालित क्रेशर मशीनों से थोड़ी ही दूरी पर उनके खेत है। यहां से उड़ने वाली धूल के कारण हर साल उनकी फसल का नुकसान तो होता ही है साथ ही मवेशी भी धूल के प्रभाव से बीमार होकर मर रहे हैं। वहीं गांव का जल स्तर इतना नीचे गिर चुका है कि गांव के कई हैण्ड पंप बंद हो चुके है और कई प्राकृति जल स्त्रोत नष्ट हो चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा बावजूद इसके शासन प्रशासन का इस गिट्टी खदान के प्रति इतना मोह समझ से परे है।

**हादसा:** ग्राम बिरकोना के पास एनएच-30 में भीषण हादसा, एक गंभीर

# कार की टक्कर से ग्रामीण युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पिपरिया थाना अंतर्गत जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में शनिवार की रात एक बार फिर भीषण सड़क हादसा देखने को मिला है। जिसमें एक कार सवार ने मोटर सायकल सवार ग्रामीणों को जबरदस्त ठोकर मार दी। तेज रफ्तार कार की जबरदस्त ठोकर से मोटर सायकल सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक अन्य मोटर सायकल सवार गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। जिसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

वहीं दूसरी तरफ घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पिपरिया पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है और आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार को जप्त कर आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पिपरिया थाना से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात करीब 10.45 बजे ग्राम जिंदा थाना पिपरिया निवासी पूनाराम उर्फ हरेन्द्र कौशिक पिता मनोहर कौशिक आयु 25 वर्ष अपने साथी विरेन्द्र कौशिक के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09-जेपी 3679 में सवार होकर किसी के वैवाहिक कार्यक्रम से बिरकोना होते हुए वापस अपने गांव लौट रहा था। बताया जाता है कि वापसी के दौरान पूनाराम अपनी मोटर सायकल में पेट्रोल भरवाने के लिए ग्राम बिरकोना के पेट्रोल पंप में रूका था और वह पेट्रोल भरवाकर जैसे ही अपने साथी के साथ निकलकर पेट्रोल पंप के सामने से गुजरने वाले एनएच 30 में आया ठीक उसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04-एमएम 3142 के चालक वैभव पाठक निवासी ग्राम नवागांव कला थाना पाण्डातराई ने मोटर सायकल सवारों को अपनी चपेट में लेते हुए जबरदस्त ठोकर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार कार की सीधी टक्कर इतनी भीषण थी मोटर सायकल सवार पूनाराराम काफी ऊपर उझलकर सड़क पर आ गिरा और संभवतः उसके सिर पर कार का पहिया भी चढ़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा मोटर सायकल सवार विरेन्द्र कौशिक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी जानकारी पिपरिया पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में ले लिया और कार को जप्त कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घायल विरेन्द्र कौशिक जिला अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां उसका ईलाज जारी है।

### प्रायः हर रोज खून से लाल हो रही जिले की सड़के



जिला व पुलिस प्रशासन के तमाम तथा कथित दावों और प्रयासों के बाद भी जिले में सड़क दुर्घटनाएं न तो थमने का नाम ले रही है और न ही कम हो रही है। आलम ये है कि प्रायः हर रोज जिले की सड़के सड़क दुर्घटनाओं में काल के गाल में समाने वालों के खून से लाल हो रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के ऐसी कई चिन्हांकित मार्ग और पाईंट है जहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होते ही रहती है। प्रशासन की माने तो उसने जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए इनकी रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों के तहत ऐसे तमाम पाईंटों को चिन्हांकित भी किया है लेकिन इन चिन्हांकित पाईटों में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और क्या कार्यवाही की गई है। यह कहीं दिखाई नहीं दे रहा है।

### शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर नहीं हो रही कार्यवाही

माना जाता है कि ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं की वजह या तो वाहनो की तेज रफ्तार होती है या फिर नशे की हालत में वाहन चलाने से सड़क हादसे सामने आते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि जिले में न तो वाहनो की तेज रफ्तार पर लगाम लग पा रही है और न ही शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही की जा रही है। बल्कि अब तो शासन ने बकायदा जिले में संचालित सरकारी शराब दुकानो के आहाता की नीलामी कर पियक्कड़ों को इतमिनान से बैठक कर शराब सेवन की सुविधा भी दे दी है। ऐसे में सवाल यही उठता है कि सरकार जब स्वयं ही शराब सेवन की इतनी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है तो भला शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसी लापरवाही और बुराई पर अंकुश कैसे लग सकता है।

# नपं स. लोहारा के तीन सौ हितग्राहियों को दो माह से नहीं मिल रहा सरकारी चावल

- उचित मूल्य की दुकान के सेल्स मेन पर गबन का आरोप, एड़वांस में ले लिए गए थे करीब 3 सौ हितग्राहियों के फिंगर प्रिंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में संचालित सरकारी उचित मूल्य की राशन दुकान के सेल्स मेन पर स्थानीय हितग्राहियों ने उनके कोटे का सरकारी चावल हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। हितग्राहियों की माने तो उन्हें बीते दो माह से सरकारी चावल नहीं मिल रहा है। इस बात की शिकायत अब पीड़ित हितग्राहियों ने जिला खाद्य अधिकारी से करते हुए कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के निवासी फिरन, बिहारी, कल्लू, श्यामरमन, मेलूराम पटेल, भागीरथी, रूखमणी, राजेश पटेल, नकुल, राजू, मंशाराम, कंगलूराम, शत्रुहन, रविन्द्र, कृष्णा, जगन्नाथ सहित अन्य हितग्राहियों ने बताया कि वे नगर में संचालित में संचालित शासकीय उचित मूल्य की राशिन दुकान क्रमांक 671004003 के हितग्राही हैं और उन्हें बीते कई वर्षो से इस राशन दुकान से शासन की योजना के तहत चावल आबंटित किया जा रहा है। लेकिन बीते महिनों में राशन दुकान के सेल्स मेन ने वार्ड क्रमांक 5, 6, 13, 14, तथा 15 के करीब 300 सौ राशन कार्डधारियों से एड़वांस में उनके फिंगर प्रिंट लेकर उनके कोटे के चावल पर हांथ साफ कर दिया है। हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें सेल्स मेन द्वारा माह अप्रैल और मई माह का चावल आबंटित नहीं किया जा रहा है और इस संबंध में सवाल जवाब किए जाने पर लगातार उन्हें घुमाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले हैं और उनका तथा उनके परिवार का भरण पोषण शासन की योजना के तहत मिलने वाले चावल पर ही निर्भर है। ऐसे में 300 सौ हितग्राहियों को बीते दो माह से सरकारी उचित मूल्य की राशन दुकान से चावल नहीं मिलने के कारण उनके सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। इन हितग्राहियों ने अब जिला खाद्य अधिकारी से मामले की लिखित शिकायत कर उन्हें दोनो माह का चावल उपलब्ध कराने तथा दोषी सेल्स मेन के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## कहर...



**कवर्धा।** इन दिनो अंचल में हो रही बेमौसम बारिश और आंधी तूफान, उद्यानकी फसलों पर बरपा रहा है कहर।

# गोविन्द सिंह ठाकुर को मिली पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया



नगर के समीप स्थित ग्राम कुबा खुर्द निवासी गोविंद सिंह ठाकुर को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग के शोधार्थी गोविन्द सिंह ठाकुर को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। छात्र गोविंद सिंह ठाकुर ने अपनी इस शानदार सफलता से अपने परिवार के साथ पूरे गांव को गौरवान्वित किया है। जानकारी के अनुसार इन्होने अपना शोध कार्य इतिहास विभाग की विभागध्यक्ष डॉ. लीमा पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया है। इनका शोध विषय 1950 ई. से 2000 ई के मध्य ईसाई मिशनरियों, आर्य समाज व रामकृष्ण मिशन का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान (छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में) पर किया है। इन्होने इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवार के समस्त सदस्यों को श्रेय दिया है।

# प्रधान पाठक लंझियाना सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा 11 मई 2024 को वृंदावन हॉल रायपुर में कला एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य स्तर के शिक्षकों को राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता मीर अली मीर प्रख्यात साहित्यकार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रशेखर परघनिया संयोजक मंच संचालक समिति छग, बलराम डहरिया प्रो.सिद्धार्थ एसोसिएट, श्रीमती करुणा साहू आरपीएफ निरीक्षक, पंडवानी गायिका, पवन डहरिया समाज सेवी, तारेंद्र चंद्राकर शिक्षक, टिकेंद्र पटेल समाज सेवी, ललित पटेल निरीक्षक उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा विजय कुमार लंझियाना प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव विकासखंड सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ को शिक्षा में अभिनव प्रयोग, नवाचार, कला संस्कृति, महिला सशक्तीकरण तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व अप्रतिम कार्य शैली के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक श्री लंझियाना की इस शानदार उपलब्धि पर राजपाल पुरस्कृत व्याख्याता सुजीत गुप्ता, राजेश तिवारी, गोपी साहू, नकुल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, सुकदेव चंद्रवंशी, पन्ना लोधी, नंदकुमार सोनी आदि शिक्षकों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### मातृ दिवस पर वृद्धों को बांटी गई कपड़ा व मिठाईयां



**कवर्धा।** वनांचल क्षेत्र कुई कुकदुर अंतर्गत ग्राम महीडबरा निवासी जनसेवक अशोक मरावी ने रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर माताओं को सम्मानित करने शहर के वृद्धाश्रम पहुंचकर घर से बेघर हुए समस्त वृद्ध माताओं की पूजा-अर्चनाकर साड़ी एवं मिठाई भेंट की। उन्होने बताया कि मातृ दिवस के इस पवित्र दिन को यादकर समस्त वृद्ध माताओं की चेहरें खुशी से खिल उठें। उन्होने कहां कि आज मेरा सौभाग्य है कि इतने माताओं के साथ मिलकर मातृ दिवस मनाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस सृष्टि में प्रत्येक संतानों के लिए मां ही प्रथम गुरु एवं मित्र होती है इसलिए इस जग में मां का स्थान सबसे पहले है और रहेगा। मैं माताओं के लिए जितना शब्द कहुं कम ही होगा। इस अवसर पर सत्यमेव जयते क्लब कवर्धा अध्यक्ष देव सिंह ध्रुर्वे, नरेन्द्र मरावी सहित वृद्धाश्रम के समस्त वृद्धजन उपस्थित थें।

**भीषण गर्मी के दौर में लगातार आबादी क्षेत्र में भटक कर पहुंच रहे वन्यप्राणी**

# स. लोहारा नगर में पहुंचा हिरन, वन विभाग ने पकड़कर छोड़ा जंगल में



हरिभूमि न्यूज ▶▶स.लोहारा

इन दिनो अंचल में पड़ रही भीषण गर्मी के चलते जहां मानव जीवन हलाकान और परेशान हैं वहीं जीवन जन्तु और वन्यप्राणी भी भीषण गर्मी से बच नहीं पा रहे हैं। जिले के मैदानी ईलाकों के पालतू जानवारों की बात की जाए तो उन्हें इस भीषण गर्मी के दौर में खोजे हरा चारा नसीब नहीं हो रहा है, किस्मत कहें की उन्हें अपना सूखा हलक तर करने पानी नसीब हो रहा है और वे पैरा चवाकर तथा पानी पीकर अपना गुजारा जैसे तैसे कर रहे हैं। लेकिन दूसरी तरफ वन्य प्राणियों की बात की जाए तो उन्हें न तो पानी नसीब हो रहा है और न ही चारा। ऐसे में वन्य प्राणी लगातार पानी और चारा की तलाश में जंगलों से लगे आबादी क्षेत्रों की तरफ कूच कर रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार की सुबह एक हिरण पास के जंगल से भटककर नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के वार्ड क्रमांक 10 में पहुंच गई। बताया जाता है कि हिरन के आबादी क्षेत्र में पहुंचने पर उस पर नगर के आवारा कुत्तों की नजर पड़ गई और वे उसका शिकार करने उसे तोड़ने लगे। जिससे बचते बचाते डरा सहमा व्यस्क हिरन नगर के वार्ड पार्षद मनीष नागराज की बाड़ी में आकर दुबक गया। बाद में जब श्री नागराज की नजर हिरन पर बड़ी तो उन्होने इसकी सूचना स्थानीय वन विभाग तथा नगर पंचायत अमले को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग तथा नगर पंचायत की टीम ने जाल की मदद से हिरन को पकड़कर उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

### कोदवगोड़ान पहुंचा भालू



**कोदवगोड़ान।** वहीं दूसरी तरफ विकासखण्ड पंडरिया के पंडरिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत वनांचल ग्राम कोदवागोड़ान के सरहदी ईलाके में रविवार की सुबह स्थानीय निवासी दिलीप पटेल की सब्जी बाड़ी में एक भालू जंगल से भटक कर पहुंच गया। आगर नदी से लगी सब्जी बाड़ी में विचरण कर रहे भालू पर स्थानीय लोगों की नजर पड़ने के बाद उन्होने उसे खदेड़ना शुरू कर दिया। बताया जाता है कि काफी दौड़ भाग के बाद अंततः ग्रामीण भालू को वापस जंगल की तरफ खदेडने में कामयाब हो गए।

# ग्राम कोलेगांव के छात्र आनंद साहू का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में कक्षा दसवीं वार्षिक परीक्षा का परिणाम इस बार भी शानदार रहा। इस बार शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में अध्यनरत कक्षा दसवीं के छात्र आंनद साहू ने अपनी शानदार मेहनत और स्कूल के शिक्षकों के प्रयासों से 95.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा में प्रथम और जिले तरीय टॉप टेन की सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर ग्राम कोलेगांव सहित अपने स्कूल तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। संस्था के प्राचार्य सुकील राम साहू व शिक्षक राजेश साहू, संतोष डहरिया, लक्ष्मीकांत कश्यप ने आनंद की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं कलेक्टर ने जनमेजय महोबे ने छात्र आनंद साहू का जिला कार्यालय में सम्मान किया गया है। स्कूल के प्राचार्य के मुताबिक हाई स्कूल कोलेगांव में कक्षा दसवीं के कुल दर्ज 52 विद्यार्थियों में 51 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं जिसमें 26 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से तथा 25 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है वहीं 01 विद्यार्थी को पूरक की पात्रता प्राप्त हुई है।

## सार समाचार

### राजनांदगांव में भूपेश और प्रदेश की सभी 11 सीट में होगी कांग्रेस की हार : मधुसूदन



**राजनांदगांव।** पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट के लिए भाजपा द्वारा बनाए गए स्टार प्रचारक मधुसूदन यादव ने देश में जारी लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि एक बार फिर हिंदुस्तान में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की सभी 11 सीट भाजपा जीतेगी। राजनांदगांव सहित कोरबा और बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी के लिए प्रचार कर लौटे पूर्व सांसद श्री यादव ने कहा कि प्रदेश के हर हिस्से में मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन की चर्चा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल से जनता त्रस्त हो गई थी और मतदाता ये भी समझते हैं कि इस समय देश में एक मजबूत सरकार की जरूरत है, जो केवल मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही दे सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है, वहां भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम करती है। यही कारण है कि न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देशभर में कांग्रेस का लगातार पतन हो रहा है। श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट में कमल खिलने के बाद दोगुनी रफ्तार से विकास संभव हो पाएगा।

#### नांदगांव में जीतेगी भाजपा

राजनांदगांव लोकसभा के बारे में कहते पूर्व सांसद श्री यादव ने कहा कि इस सीट से भाजपा की निश्चित तौर पर जीत होने वाली है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने सीएम रहते जिले के साथ भेदभाव किया गया। यहां से विभागों के कार्यालयों को दुर्ग शिफ्ट करने का काम किया। यही कारण रहा कि जनता ने उन्हें नकार कर भाजपा को अपना समर्थन दिया है और नांदगांव से हारने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी को दोबारा यहां आने की सोचेंगे भी नहीं।

#### लोगों में दिखा उत्साह

राजनांदगांव लोकसभा में भाजपा चुनाव संचालक की भूमिका निभाने के बाद पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने बिलासपुर प्रत्याशी तोखन साहू और कोरबा प्रत्याशी सरोज पांडेय के लिए भी उनके चुनाव क्षेत्र में प्रचार किया। श्री यादव ने कहा कि कोरबा और बिलासपुर में जहां-जहां भी उन्होंने सभाएं की, लोगों से मिले हर स्थान में भाजपा को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया।

### देशी प्लेन शराब बरामद, आरोपी पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक से 20 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर स्टाफ ने मुखबीर की सूचना के आधार पर रेड कार्रवाई कर मोहार बायपास रोड ओवरब्रिज के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी अमित कुमार साहू 24 वर्ष निवासी नया ढाबा से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की।

## अनुपस्थित कर्मचारी का हाजिरी लगाने पर ठेकेदार की राशि से होगी कटौती

# आयुक्त ने सफाई, पानी आपूर्ति व निर्माण कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ वार्डों में सफाई पानी व्यवस्था के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं। निरीक्षक की कड़ी में शुक्रवार सुबह ग्रामीण वार्ड लखोली के कुआं चौक, दुर्गा चौक, सेठीनगर के अलावा हल्दी में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखे। हल्दी में अनुपस्थित कर्मचारी का हाजिरी लगाने पर संबंधित ठेकेदार के चलित देयक से राशि कटौती के निर्देश वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा को दिए।

उन्होंने कहा कि सफाई में इस प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। संबंधित स्वच्छता निरीक्षक निगम वार्ड के साथ-साथ ठेका वार्डों में भी प्रतिदिन सफाई के साथ-साथ हाजिरी की जांच करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण वार्ड में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। जिससे डेंगू, मलेरिया व पीलिया जैसी बीमारी न फैले। उन्होंने दुर्गा चौक में सुलभ के पास की नाली की सफाई कराने, कटीली झाडियां काटने के निर्देश देते कहा कि इन क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई किया जाए। उन्होंने सुलभ शौचालय में नियमित सफाई रखने के निर्देश दिए।

निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान लखोली दुर्गा चौक में साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण, सीमेंट कांक्रिटींग



रोड, कुआं चौक में डामरीकरण, कोठारपारा में मंच निर्माण, सेठीनगर में सीमेंट कांक्रीटिंग रोड निर्माण व संजय नगर में नाली निर्माण कार्य का जायजा लेकर समय-सीमा में काम पूर्ण कराने, प्रतिदिन तराई कराने प्र. कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव को निर्देश दिए। उन्होंने पानी के संबंध में लोगों से जानकारी लेकर तकनीकी अधिकारियों से कहा कि संबंधित क्षेत्र में पानी की जांच करें और कम पानी व गंदा पानी आने की शिकायत का त्वरित निराकरण करें। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता ज्योति साहू व आयुषी सिंह, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र.पटवारी मिलिंद रेड्डी सहित निगम का अमला उपस्थित था।

#### पुनः निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने दिए निर्देश

उन्होंने सेठीनगर में खराब सीमेंट कांक्रीटिंग रोड निर्माण पर पुनः एक लेयर करने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह संजय नगर में नाली निर्माण में बेस खराब होने पर नोटिस जारी कर ठीक कराने निर्देशित किया। संबंधित अधिकारी ने कहा कि ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त ने कहा कि अंतिम नोटिस जारी कर कार्य ठीक कराएं तथा ठीक होने उपरांत ही भुगतान की कार्रवाई करें। हल्दी में ईटा भठ्ठा रोड में स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण, मुक्तिधाम व उद्यान निर्माण, सिंघोला रोड में नाला निर्माण, यात्री प्रतिक्षालय व सीमेंट कांक्रिटींग रोड निर्माण की धीमी गति पर ठेकेदार को कार्य में गति लाने, नियमित रूप से कार्य की मानिटरिंग करने के निर्देश संबंधित उप अभियंता को दिए। उन्होंने स्कूल के पास व भंवरमरा रोड में सुलभ शौचालय का मरम्मत कराने व पानी की व्यवस्था करने तथा सेठीनगर व हल्दी स्कूल के पास के जर्जर सुलभ शौचालय के पुनः निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए।

## बारहवीं टापर धनिका से घर जाकर मिले जिपं सभापति



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बारहवीं बोर्ड परीक्षा में जिले की टापर धनिका निषाद का हौसला अफजाई करने जिपं सभापति उसके घर महरूमखुर्द पहुंचे।

धनिका की सफलता को कड़ी मेहनत का परिणाम बताते हुए कहा कि शिक्षा अर्जन के लिए लगन के बूते राजमिस्त्री की बिटिया धनिका ने रोज छै सात किमी साइकिल चलाकर ठेलकाडीह के सरकारी स्कूल में पढ़ाई की है। बारिश के दिनों में कीचड़ के कारण साइकिल चलाना दूभर हो जाता था तो पैदल स्कूल जाती थी। जिपं सभापति विप्लव साहू ने कहा कि धनिका का परीक्षा परिणाम अभावों के बीच रहकर पढ़ने वाले बच्चों के लिए नई प्रेरणा की शुरुआत है इससे उन्हें सीख मिलेगी कि लक्ष्य बनाकर शिक्षा अर्जन करना यदि हमने ठान लिया है तो सफलता जरूर कदम चूमेगी। धनिका के पिता होरीलाल निषाद सहित परिजनों से मुलाकात कर श्री साहू ने सभी को बधाई दी।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में मोहला के 171 विद्यार्थी उत्तीर्ण

**मोहला।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद रायपुर द्वारा आयोजित बहुप्रतिष्ठित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण छात्रवृत्ति परीक्षा में मोहला विकासखंड के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। विकासखंड के 53 पूर्व माध्यमिक शालाओं से 171 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी से कुल 229 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। राज्य स्तर पर 2246 विद्यार्थी इस परीक्षा को पास कर पाए हैं। पूर्व माध्यमिक शाला डुमरटोला से सर्वाधिक 23 बच्चे चयनित हुए हैं।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला राजेन्द्र कुमार देवांगन ने बताया कि इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह 1000 रुपए की छात्रवृत्ति कक्षा 9वीं



से 12वीं तक 4 वर्षों तक प्राप्त होती है। कक्षा 8 में अध्ययनरत शासकीय स्कूल के बच्चे इस परीक्षा को देते हैं। प्राप्त होने वाले इस छात्रवृत्ति से विद्यार्थियों को अपने आगे की पढ़ाई में सहयोग प्राप्त होता है। यह परीक्षा एनसीईआरटी निर्देशन में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से आयोजित किया जाता है। ज्ञात हो कि पूर्व सत्र में भी मोहला विकासखंड से 207 विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे।

मोहला विकासखंड की इस सफलता पर कलेक्टर एस.जयवर्धन, जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेराम कोसरिया, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे ने मोहला की टीम को बधाई प्रेषित किया है। इस उपलब्धि में खोमलाल वर्मा, नूतन साहू, दिनेश सिंह, राकेश देवांगन, जीवन नायक, राजकुमार यादव, मार्टिन मसीह, जितेंद्र पटेल, मलेश मालेकर व ब्लॉक के सभी संकुल समन्वयकों, प्रधान पाठकों तथा शिक्षकों का विशेष योगदान रहा है।

#### शिखर कोचिंग से लाभान्वित हो रहे विद्यार्थी

मोहला विकासखंड में अधिकारियों एवं शिक्षकों के प्रयास से जिला खनिज न्यास के सहयोग द्वारा शिखर कोचिंग कार्यक्रम चलाया जाता है। जिसमें बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराई जाती है। समय-समय पर टेस्ट आयोजित किए जाते हैं। पढ़ने के लिए पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्रदान की जाती है। इस कार्यक्रम के कारण सभी स्कूल स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में मोहला विकासखंड अव्वल रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है नर्स




■ विश्व नर्सेस दिवस पर आयोजन

**छुईखदान।** विश्व नर्स दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में 12 मई को बड़े जोरशोर से मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल की नर्सों द्वारा समस्त डॉक्टरों की उपस्थिति में केक काटकर खुशियां मनाई गई। नर्स दिवस पर बधाई देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनीष बघेल ने नर्सों का सम्मान किया और कहा कि नर्स स्वस्थ्य विभाग की रीढ़ होती है। बगैर इनके सहयोग से कोई मरीज स्वस्थ्य नहीं हो सकता। नर्सों की सेवा से मरीज दवाई के साथ उनकी विनम्र सेवा से जल्दी ठीक होता है। नर्सों के बगैर कोई भी डॉक्टर अधूरा है, नर्सिंग केयर ऐसा कार्य है जिसमें ईश्वर भी आशीर्वाद देता है। इस अवसर पर डॉ मनीष बघेल, नर्सिंग ऑफिसर अन्नपूर्णा जंघेल, नेहा शर्मा, यास्मीन साहू, पूनम, तुस्टी, हर्षलता, दिव्या पाल, योगिता मानिकपुरी, पुष्पा वर्मा, चंद्रकला जंघेल, गौतम सहित अस्पताल के डॉ.मुजाहिद हसन, डॉ.कुलदीप साहू, डॉ.आशीष जंघेल, डॉ.अनामिका उमरिया, डॉ. नेहा चंदेल, विनय रामटेके नेत्र सहायक अधिकारी एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे।

## आरकेसी सीजी बोर्ड 10वीं-12वीं के उत्कृष्ट परिणाम



**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कान्वेंट सीजी बोर्ड द्वारा गुरुवार को घोषित 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम में अपनी उत्कृष्टता बरकरार रखी। रॉयल किड्स कान्वेंट में संचालित सीजी बोर्ड का 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किया गया। जिसमें रॉयल किड्स कान्वेंट के विद्यार्थियों ने अपना शानदार प्रदर्शन कर अपने पालक एवं संस्था का नाम रोशन किया। घोषित परिणाम में संस्था में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत रहा।

कक्षा 12वीं के परिणाम गणित संकाय में प्रथम आदित्य साहनी, द्वितीय लीलाधर सिंह एवं तृतीय स्थान पर मोहम्मद मोहसिन रहे। विज्ञान संकाय में प्रथम प्राची मिश्रा, द्वितीय स्नेहा सजीवन एवं तृतीय स्थान पर इशरत जहां रही। वाणिज्य संकाय में प्रथम नूपुर ठाकुर, द्वितीय संस्कृति बनाफर एवं तृतीय स्थान पर कृतिका मानिकपुरी रही। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में प्रथम अनु साहनी, द्वितीय नेहा निषाद एवं तृतीय स्थान पर शौर्य सिंह रहे। शिक्षकों के अथक परिश्रम एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग से 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा। संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, सीजी बोर्ड प्राचार्य गोपाल साहू, प्राचार्य सीबीएसई बोर्ड एकता खंडेलवाल, बरसर आईके वैष्णव, उपप्राचार्य सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों द्वारा बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को बधाई दी।

## खेल के साथ-साथ शिक्षा को बढ़ावा देना जरूरी : उज्ज्वल



**राजनांदगांव।** रेवाडीह वार्ड नं. 22 में छत्तीसगढ़ युवा संघ रेवाडीह के युवाओं द्वारा रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बतौर अतिथि के रूप में भाजयुमो जिला मंत्री उज्जवल कसेर शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री कसेर ने कहा कि खेलों के आयोजन से क्षेत्र में अच्छा वातावरण निर्मित होता है, लेकिन समाज, क्षेत्र और देश के विकास के लिए शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। उन्होंने पालकों से अपील करते कहा कि अपने बच्चो को खेल के साथ शिक्षा ग्रहण करने सदैव प्रेरित करें। जिससे हम देश की नींव मजबूत कर सकें। इस दौरान पार्षद गामेन्द्र नेताम, अनिल कौशिक, सूर्यकांत श्रीवास, सुरेंद्र मांडवी, नीलकंठ मांडवी, पन्नू, लक्की, राजाराम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## किसानों को कृषि कार्य के लिए दें प्रति एकड़ 26 हजार



**राजनांदगांव।** भाजपा सरकार द्वारा सहकारी समितियों को इस वर्ष किसानों को फसल लगाने प्रति एकड़ मात्र 10500 रुपए मात्र देने के आदेश को किसान विरोधी कदम बताते प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता दुर्ग संभाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र प्रभारी धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि 3 महीने में ही भाजपा के किसान हितैषी होने का मुखौटा उतर गया है। भाजपा की सरकार किसानों को मदद करना नहीं चाहती है। कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों को फसल लगाते वक्त केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से सहकारी समितियां से प्रति एकड़ कृषि कार्य के लिए 20,000 नगद एवं 6,000 रुपए खादत्रबीज के लिए अतिरिक्त दिया था, उसे भाजपा सरकार ने कटौती करते प्रति एकड़ मात्र 10,500 रुपए देने का आदेश दिया है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार से इस आदेश को वापस लेने और पूर्व की तरह ही किसानों को 26,000 रुपए प्रति एकड़ देने की मांग करती है।

श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार जिन्होंने 21 क्विंटल धान 3100 रुपए के भाव में खरीदने की घोषणा की है। एक ही बार धान खरीदने में उनके हाथत्रपांव फूलने लगे हैं, इसीलिए किसान ज्यादा फसल उत्पादन न कर सके। उन्हें आर्थिक रूप से परेशान कर रही है, किसानों को अगर सही समय पर आर्थिक मदद मिल जाती है, तो किसान निश्चिंत होकर खेती-किसानी में जुट जाते हैं और अच्छा उत्पादन कर आर्थिक रूप से सक्षम बनते हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि अब भाजपा के नेता भी कांग्रेस सरकार के दौरान किसानों के हित में शुरू किए गए योजनाओं को फिर से शुरू करने की मांग कर रहे हैं और अपने ही सरकार को आंदोलन करने की चेतावनी दे रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव को देखते किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी किया है। अब आने वाले 5 वर्षों तक वह किसानों से 21 क्विंटल धान नहीं खरीदना चाहती।

## राजीव 10वीं में 90.06 फीसदी अंक से उत्तीर्ण



**राजनांदगांव।** शासकीय हाईस्कूल बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 01 की कक्षा 10वीं की छात्रा राजीव देवांगन पिता जोहनलाल देवांगन ने 90.06 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण की। राजीव के अच्छे अंकों से उत्तीर्ण करने पर शिक्षकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। राजीव ने अपने अच्छे अंकों से पास होने का श्रेय स्कूली शिक्षकों और माता-पिता को दी है।




## परिवार की खुशहाली में ट्रस्ट, टाइम, टॉक और थैंक्स ये चार टी का बड़ा महत्व है : सुधाकर मुनि

■ एक शब्द किसी को दिल में उतार सकता है तो एक शब्द किसी को दिल से उतार भी सकता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर ने परिवार की खुशहाली के बारे में कहा कि परिवार की खुशहाली में ट्रस्ट, टाइम, टॉक और थैंक्स ये चार टी का बड़ा महत्व है।

उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों का एक-दूसरे पर ट्रस्ट अर्थात भरोसा होना चाहिए। एक-दूसरे के लिए टाइम अर्थात समय निकालना चाहिए। टॉक अर्थात प्रेम पूर्ण संवाद होना चाहिए और एक-दूसरे के अच्छे कामों के लिए थैंक्स कहने की भावना होनी चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि हर आत्मा स्वतंत्र है, परंतु भगवान महावीर का कथन है कि एक जीव का अस्तित्व दूसरे जीव पर आश्रित है। व्यवहारिक जीवन के धरातल पर सुखी जीवन तभी बन सकता है, जब परिवार सुखी हो। मुनिश्री सुधाकर ने तेरापंथ भवन में अपने नियमित प्रवचन में कहा कि सात वारों से भी बड़ा कोई वार है तो वह है परिवार। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में एकता और अपनापन है, वह परिवार सुखी है और जिस परिवार में छल-कपट है, वह परिवार नरक का द्वार है। उन्होंने कहा कि परिवार तो वह होता है, जिस परिवार में एक-दूसरे पर भरोसा हो। विचार से ही वास्तु का निर्माण होता है।

मैं प्रेम लुटाऊंगा तो प्रेम मिलेगा और नफरत लुटाऊंगा तो नफरत मिलेगा। एक-दूसरे पर विश्वास संबंध को प्रगाढ़ बनाता है। विश्वास हमारे रिश्तों की सबसे बड़ी ताकत है। अहम और घमंड ने न जाने आज तक कितने संबंधों को तोड़ा है। आप परिवार को खुशहाल देखना चाहते हैं तो इसके लिए जरूरी है आप परिवार के सदस्यों को समय दें। बच्चों को समझाने की कोशिश तो होती है, किंतु बच्चों को समझने की कोशिश कभी नहीं होती। हम बच्चों को समझने की कोशिश करें।

#### कांच में नहीं जमना चाहिए धूल

मुनिश्री ने वास्तु के विषय पर कहा कि घर में घड़ी, कांच व झाड़ू का काफी महत्व है और इसे उचित स्थान पर रखना चाहिए। घड़ी बंद नहीं होनी चाहिए और कांच में धूल नहीं जमना चाहिए। कांच में यदि धूल है तो समझ लीजिए कि उस घर में युवा नशा कर रहे हैं। कांच में शक्ति होती है और यदि आपकी सकारात्मक ऊर्जा उस पर जाती है तो हजार गुना सकारात्मक ऊर्जा वापस लौटकर आती है। घर का ईशान कोण जितना शांत रहेगा, हल्का रहेगा और साफ रहेगा तो घर में शांति बनी रहेगी।

#### संवाद बेहद जरूरी

मुनिश्री सुधाकर ने कहा कि संवाद करना सीखिए। घर में रहते हुए यदि आप आपस में संवाद नहीं करते तो यह परेशानी का कारण है। संवाद से अच्छे-अच्छे मसले सुलझ जाते हैं। संवाद में रोशनी है और विवाद में अंधेरा। एक शब्द पराए को अपना बना सकता है और अपने को पराया। एक शब्द से आप किसी के दिल में उतर सकते हैं और एक शब्द की वजह से आप किसी के दिल से उतर सकते हैं। बोलने से पहले शब्दों का चयन करें।






### अधिकारियों ने ग्राम पंचायत पहुंचकर शिकायत की किया जांच

# विभिन्न कार्यों में भारी अनियमितता जनपद पंचायत सीईओ ने की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭पोंडी

ग्राम पंचायत पोंडी ग्रामीणों नें विकास कार्यों में भारी अनियमितता की शिकायत जनपद पंचायत बोड़ला में किया गया। जिस पर बोड़ला जनपद पंचायत सीईओ मनीष भारती व टीम के साथ गुरुवार को ग्राम पंचायत पोंडी पहुंचकर जांच किया। मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों शिकवा-शिकायत कर बारीकी से जांच की मांग की गई।

इस दौरान जनपद सीईओ मनीष भारती ने ग्राम पंचायत के सरपंच शशिनंद कुमार व गांव के सचिव जीवन वारते को कई मुद्दों पर फटकार लगाई। दरअसल ग्रामीणों ने 01 अप्रैल को ग्राम पंचायत पोंडी के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या एसडीएम कार्यालय में ग्राम पोंडी में हुए अनियमितता की शिकायत किया गया, जिस पर ग्रामीणों ने ग्राम के सरपंच पर मनमानी करने का आरोप लगाया। वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर जनपद सीईओ मनीष भारती पोंडी पहुंचकर देखा तो कई कार्यों में भारी अनियमितता पाई।

## उच्च अधिकारियों के बैगर अनुमति व्यासायिक परिसर के लिए की गई वसूली



ग्राम पंचायत पोंडी में सरपंच प्रतिनिधि व कुछ लोगो की भारी मनमानी देखने को मिला। ग्राम पोंडी स्थित पुराना पंचायत भवन जो कि वर्तमान में भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका था। जिसको डिस्मेंटल करने की कार्यवाही किया गया। जिसके बाद वहां जगह खाली कराने के बाद ग्राम पंचायत पोंडी में व्यासायिक परिसर बनाने के नाम पर 04 लोग कुमारी गोस्वामी, निजाम कुरैशी, श्यामा बाई हठीले व लाला लांजी से 03- 03 लाख रुपए की वसूली की गई। जब बाद में उन लोगों को पता चला कि व्यासायिक परिसर निर्माण पश्चात नियम के साथ व्यासायिक परिसर का वितरण किया जाएगा। तब उनके होश उड़ गए। जिसके बाद चारो लोगो ने जनपद सीईओ के साथ-साथ प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा को भी 04 जनवरी को शिकायत कि उनसे व्यासायिक परिसर के नाम पर 03-03 लाख रुपए पंचायत के आधिकारिक खाते में लिया गया। जिसकी शिकायत के बाद जनपद सीईओ ने ग्राम पंचायत पोंडी सचिव जीवन वार्ते को 29 जनवरी को नोटिस जारी कर सभी के पैसे वापिस करने को कहा था। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 के तहत घोर लापरवाही करने की बात भी कही गई थी। जिसके नोटिस मिलने के बाद पैसा वापिस किया गया।

### आगे जांच चल रहा है

इस मामले में ग्राम पंचायत पोंडी के सचिव जीवन वार्ते ने कहा कि जनपद सीईओ के द्वारा नोटिस जारी किया था। जिसके बाद सभी के लोगो के पैसे वापस कर दिया गया है। आगे जांच चल रहा है।

**ग्राम पंचायत पोंडी जीवन वार्ते**

### जांच टीम कार्यवाही कर रही

इस मामले में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के मामले सामने आया है। जिस पर एसडीएम जांच करेंगे, इसके साथ उन्होंने में कहा कि इस तरह की घोर लापरवाही में जांच के आधार पर धारा 40 की कार्यवाही हो सकता है।

**जिला पंचायत सीईओं संदीप अग्रवाल**

# ग्रामीण क्षेत्र के किसान साग-सब्जी की खेती करने अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर



विकासखंड कवर्धा ग्राम बीजझोरी निवास किसान लाला प्रसाद साहू द्वारा साग-सब्जी की खेती करने के लिए बैगन की नौनिहाल पौधे को नर्सरी से खरीदकर अपनी खेतों में बागवानी की तरह कृषि कार्य में जुटे हुए है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कबीरधाम जिले में अब हरा-भरा साग-सब्जी की ओर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों द्वारा भारी रूचि आने लगे हैं, किसान लाला प्रसाद साहू ने बताया कि नौनिहाल बैगन की एक पौधे को 11 रूपए की दर सें 6 हजार बैगन के नौनिहाल पौधे खरीदाकर लगभग 72 हजार रुपए की लागत से ग्रामीण किसान लाला प्रसाद साहू अपने तीन एकड़ खेतों में उत्पादन करेंगे। इसी तरह क्षेत्र के किसान द्वारा खरीफ, रबी व गन्ना फसल के साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र के किसानों द्वारा साग-सब्जी की कृषि कार्य में जुट गए हैं, ताकि अच्छे फसल पैदाकर अच्छी आमदनी मिल सकें।

## एंबुलेंस में महिला ने दी स्वस्थ्य बेटी को जन्म



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा हुई। जिस पर जनपद सदस्य अश्वनी यदु द्वारा एंबुलेंस को उक्त जानकारी दी गई। वहीं एंबुलेंस में प्रसव पीड़ा महिला को रास्ते में जोर से प्रसव पीड़ा होने पर मितानिन एवं गांव के बुजुर्ग महिलाओं द्वारा रास्ते में ही सुरक्षित ढंग से सूझबूझ के साथ महिला नें स्वास्थ्य बच्ची को जन्म दिया। जिसपर परिजनों ने मितानिन व कर्मचारियां का आभार व्यक्त किया।

## छात्रा आरती साहू ने 92 प्रतिशत प्राप्तकर अपने माता-पिता व विद्यालय का किया नाम रोशन



- शिक्षक-शिक्षिकाओं को किया आभार व्यक्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया की छात्रा नें बोर्ड परीक्षा कक्षा12वीं में छात्रा आरती निषाद पिता लल्लू निषाद कामर्स संकाय नें 92 प्रतिशत तथा छुम्मन पटेल विज्ञान संकाय मे 82 प्रतिशत अंक प्राप्तकर विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन व गौरवान्वित किया। वहीं स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया का परीक्षा परिणाम कक्षा बारहवीं में 88 प्रतिशत तथा विज्ञान संकाय में 98 प्रतिशत, कला संकाय में 65 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। जिस पर संख्या प्रमुख सतीश कुमार बंजारे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं समस्त शिक्षक–शिक्षाकाओं को उनके मेहनत के लिए आभार व्यकत किया।

# अटल आवास में निवासरत परिवारों की समस्याएं सुनी: नपाध्यक्ष

### जेसीबी व पालिका सफाई कर्मचारी की मदद से सफाई कार्य कराया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने रविवार को कवर्धा शहर के वार्ड क्रमांक 17 स्थित घुघरी अटल आवास पहुंचकर साफ-सफाई कार्यों का जायजा लिया व निवासरत परिवारों की समस्याएं सुनी। वार्ड क्रमांक 17 घुघरी अटल आवास में निवासरत परिवार के लोगों ने बताया कि वार्ड 17 में साफ-सफाई नहीं होने के कारण बदबू व दुर्गंध से निवासरत परिवारों को भारी परेशानियों का सामना व गंभी बीमारी व संक्रमण की आशंका बना हुआ है। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने वार्ड क्रं 17 निवासरत परिवारों की समस्याओ को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जेसीबी व साफ-सफाई कर्मचारियों की मदद से अटल आवास परिसर का साफ-सफाई कराया गया। साफ-सफाई हो जाने से वहां के निवासरत परिवारों ने नगर पालिका टीम का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता चीकू सिन्हा सहित वार्डवासी गण उपस्थित थें।

### गंगानगर नाले की गई साफ-सफाई: मनहरण कौशिक

नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा शहर का विकास होगा। जिसमें गंगानगर से होकर गुजरने वाले गुरुनाला का साफ-सफाई कराया गया। विभिन्न वार्डो में निर्मित छोटी बड़ी नालियों से होकर बहने वाली पानी बड़े गुरु नाला में आकर मिलता है, गुरुनाला में जलीय पौधे निकल आए साथ ही साथ मलबे को जेसीबी मशीन को उतारकर साफ-सफाई कार्य कराया गया।

# ग्रामीण किसान खेती-किसानी कार्य में जुटे



हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

शहर सहित अंचल के ग्रामीण किसानों द्वारा अब खेती-किसानी कार्य में जुट चुकें है। वहीं क्षेत्र के किसानों द्वारा भोरमदेव शक्कर कारखाना से बने अपशिष्ट पदार्थ प्रेसमड खाद बिक्री शुरूकर किसानों द्वारा खरीदकर अपनी अपनी खेत-खलिहानों में प्रेसमड़ खाद डाला जा रहा है, ताकि अच्छे पैदावार फसल हो सकें। जिसमें ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला व आसपास क्षेत्र के किसानों द्वारा भोरमदेव शक्कर कारखाना से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ प्रेसमड खाद की बिक्री शुरू हो गई है। वहीं ग्राम दौजरी निवासी किसान तुकाराम साहू ने बताया कि एक टन खाद की किमत 501 रुपए व एक टैक्ट्र-ट्राली की कीमत 18 सौ रूपए से एक टैक्ट्र-ट्रॉली प्रेसमड खाद 1 एकड़ खेत में डाला जा रहा है, ताकि इससे फसल की पैदावार अच्छी व खाद से उत्तम तथा उर्वरक शक्ति बढ़ती है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी अपनी खेतों में प्रेसमड खाद डाला जा रहा है, ताकि धान फसल की अच्छे पैदावार हो सकें।

## मध्यान्ह भोजन की रसोइयों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के निर्देश पर प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत कार्यरत चार सौ दस रसोईयों को डोंगरगांव, अर्जुनी तथा तुमड़ीबोर्ड में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में सभी रसोइया को मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता लाने न्योता भोजन, स्वच्छता पूर्वक भोजन बनाने, कक्ष को साफ रखने, प्रति छात्र अनाज की दर, मीनू के हिसाब रोजाना बच्चो को भोजन देने की जानकारी आदि की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरएल पात्रे, प्राचार्य विभा पांडेय, केआर साहू, एबीईओ रश्मि ठाकुर, क्षितिज सोरी, जयंत साहू, एनके देवांगन, मास्टर ट्रेनर देवेंद्र किशोर साहू, सनन साकरे, माखनलाल रात्रे, दानीराम वर्मा, धनसाय सलामे, लच्छूराम साहू, अंबिका कुंवर, फिनेश कोमरे, प्रवीण राजपूत, डिकेश साहू, नेमीचंद साहू, ओमकार पटेल, मनोज निषाद, अक्षय श्रीवास्तव, तोयस साहू, सन्नी धनपाल, प्रशांत पांडे एवं अगमा साकरे आदि मौजूद थे।



ज्योतिषी
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा,पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

### जिले में बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए पेट्रोलिंग टीम तैयार

# शहर के संकीर्ण व विभिन्न चौंक चौंराहों व आस्था केन्द्रो मनोरंजन स्थानों में करेंगी बाइक पेट्रोलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



शहर में बढते अपराध एवं अवैधानिक गतिविधियों की रोकथाम, नशे के विरूद्ध कार्यवाही एवं नशाखोरी-चोरी की वारदात की रोकथाम, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी एवं धर-पकड एवं महिला सुरक्षा, शहर के जनआस्था से जुडे धार्मिक प्रतिष्ठान की सुरक्षा हेतु लगातार शहर के गणमान्य नगरिकों द्वारा पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया था। जिस संबंध में पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक डॉ आभिषेक पल्लव द्वारा जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए एवं प्रभावी पुलिसिंग के मद्देनजर शहर के तंग एवं संक्रीर्ण गलियों में निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु एक विशेष बाईक पेट्रोलिंग टीम का गठन किया गया। जिसमें 16 जवान 08 बाईक पर दो शिफ्ट में पेट्रोलिंग करेंगे। प्रथम सिफ्ट शाम 05 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं द्वितीय शिफ्ट रात्रि 11 बजे से सुबह 04 बजे तक शहर के विभिन्न चौक-चौराहे, संकीर्ण गलियों, तालाबों , सुनसान ईलाकों, आस्था के केन्द्रो, मनोरंजन स्थानों में प्रभावी रूप से पेट्रोलिंग करेंगी। जिससे निश्चितरूप से अपराधों एवं अवैधानिक गतिवियां में रोकथाम होगी।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक
डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133